प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 09.11.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **देशभर में मनाया जा रहा राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस, पिछले दस वर्षो में राष्ट्रीय लोक अदालतों से 34 करोड़ से अधिक मामलों का हुआ निपटारा।**
2. **पलामू में भाजपा बूथ अध्यक्ष पर हमले की प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने की निंदा, आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग, थाना और एसपी कार्यालय के घेराव की दी चेतावनी।**
3. **रांची में टाटीसिलवे रेलवे स्टेशन पर ऑपरेशन नार्कोश के तहत आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई, गांजा की खेप के साथ चार तस्कर गिरफ्तार।**
4. **झारखंड में मनाया जा रहा सोहराय पर्व, पशुधन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता अर्पित करने का प्रतीक ।**
5. **दीपावली की रात हुई आतिशबाजी के बाद झारखंड के कई शहरों की हवा प्रभावित, जमशेदपुर, रांची और धनबाद में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ दर्ज ।**

****

देश में आज राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जा रहा है। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 को सरकार ने 1995 में लागू किया। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और विवादों के समाधान के विभिन्न तरीकों की जानकारी देना है। पिछले दस वर्षो में राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से 34 करोड़ से अधिक मामलों का निपटारा किया गया है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के सभी निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि देवभूमि आध्यात्मिक चेतना और अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बधाई देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक परंपराओं से समृद्ध उत्तराखण्ड विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर रहे, यही मंगलकामना है। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति, गौरवशाली परंपराओं, अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक विरासत को नमन करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी

****

कैंसर के उपचार की 137 दवाओं की घटी हुई कीमतें आज से लागू हो गई हैं। इससे पहले राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण– एनपीपीए ने इन दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य–एमआरपी पर मुनाफा की सीमा तय की थी। यह फैसला स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है।

****

पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष संजय यादव के अपहरण और मारपीट किए जाने की घटना पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कड़ी नाराजगी जताई है। रिम्स में इलाजरत संजय साहू से मुलाकात के बाद आदित्य साहू ने घटना की निंदा करते हुए नामजद चारों आरोपितों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

****

लोहरदगा जिले के मिशन चौक में स्थित एक घर में अहले सुबह आग लग गई .इस घटना में घर के बाहर खड़ी कार और कई कमरे पूरी तरह जलकर राख हो गए .वहीं आसपास के लोगों ने जब शोर मचाया तो घर में सो रहे परिजन बाहर निकले और किसी तरह उनकी जान बची. मौके पर पड़ोसियों ने आग बुझाने में मदद की और फायर ब्रिगेड की टीम ने आकर आग पर काबू पाया. इस घटना से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है.

****

दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान ऑपरेशन नार्कोश के तहत बड़ी कार्रवाई की है। टाटीसिलवे रेलवे स्टेशन पर 15 किलोग्राम गांजा बरामद किया तथा इस मामले में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

****

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज दोपहर के कारोबार के दौरान शून्य दशमलव तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। ताजा समाचार मिलने तक सेंसेक्स 289 अंक गिरकर 80 हजार 710 पर, जबकि निफ्टी 81 अंक की गिरावट के साथ 24 हजार 905 पर कारोबार कर रहा था।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 31 हजार 650 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 3 हजार पांच सौ पचास रूपये प्रति किलो है।

****

आदिवासी संताल समाज का पांच दिवसीय महापर्व सोहराय पारंपरिक उम–नड़का अनुष्ठान के साथ शुरू हो गया है। पूर्वी सिंहभूम जिले में पर्व के पहले दिन माझी बाबा और नायके बाबा की अगुवाई में इष्ट देवी–देवताओं का आह्वान कर ग्रामवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की गई।

हालांकि विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों में इसकी तिथियां अलग–अलग भी होती हैं यह पर्व पशुधन के प्रति आभार, प्रकृति से सामंजस्य और सामुदायिक एकजुटता का प्रतीक है।

****

जमशेदपुर में जादूगोड़ा के राजदोहा निवासी संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित दुर्गा प्रसाद मुर्मू को सोहराय पर्व के अवसर पर आदिवासी समाज में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। माझी परगना महाल धाड़ दिशोम के परानिक बाबा और तालसा गांव के माझी बाबा दुर्गाचरण मुर्मू ने उनके आवास पहुंचकर उन्हें हारमोनियम भेंट किया। दुर्गा प्रसाद मुर्मू संताली भाषा, ओलचिकी लिपि, लोक संगीत और आदिवासी संस्कृति के संरक्षण एवं प्रचार–प्रसार में लंबे समय से योगदान दे रहे हैं। समाज के लोग उन्हें भुरका इपिल यानी भोर का तारा कहते हैं।

****

दीपावली की रात हुई आतिशबाजी के बाद झारखंड के कई शहरों की हवा प्रभावित नजर आ रही है। आज सुबह राज्य के अलग–अलग शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ दर्ज किया गया। एयर क्वालिटी इंडेक्स के रियल टाइम एयर पॉल्यूशन डैशबोर्ड पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार सबसे खराब स्थिति हजारीबाग और धनबाद की रही, जहां एयर क्वालिटी इंडेक्स 166 के पार पहुंच गया। वहीं, राजधानी रांची में भी हवा की गुणवत्ता अच्छी नहीं रही। रांची में 156 और जमशेदपुर में 161 दर्ज किया गया।

****